**BRAMPTON** **Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

## सिटी भविष्योन्मुखी BramptonU के लिए आधार बना रही है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (24 जुलाई, 2020) – ब्रैम्पटन में पूरी, मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी लाने के लिए, आज सिटी ने अपने प्रस्ताव के मुख्य कार्यनीति संबंधी तथ्यों का प्रीव्यु (preview of key strategic elements of its proposal) रिलीज किया।

पिछले वर्ष के दौरान, सिटी ने अपनी खुद की यूनिवर्सिटी, BramptonU के लिए योजना बनाने में मदद के लिए, स्टेकहोल्डर्स और अंतर्राष्ट्रीय तौर पर प्रसिद्ध, रायरसन यूनिवर्सिटी (Ryerson University), यूनिवर्सिटी ऑफ गल्फ-हम्बर (University of Guelph-Humber), द लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (The London School of Economics and Political Science), क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन (Queen Mary University of London), डी2एल (D2L) और अल्गोमा यूनिवर्सिटी (Algoma University) जैसे शिक्षा संस्थानों के साथ मिलकर काम किया है। ब्रैम्पटन में पोस्ट सेकंडरी शिक्षा के लिए, एक नए, अधिक तेज़ और प्रगतिशील मॉडल का प्रस्ताव रखा जा रहा है।

प्रांत के अपडेट किए *मुख्य क्षमता विस्तार नीति फ्रेमवर्क (Major Capacity Expansion Policy Framework)* ने, ओनटैरियो के कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज के लिए, इस तरह के विस्तारों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। इस फ्रेमवर्क की घोषणा पिछले सप्ताह की गई थी।

पूरा प्रस्ताव तैयार करने का काम जारी है, ताकि इस पतझड़ के अंत तक इसे ओनटैरियो प्रांत के पास जमा किया जा सके:

- ओनटैरियो प्रांत के एक अधिनियम (Act of the Province of Ontario) के मुताबिक, एक स्वतंत्र सार्वजनिक संस्थान के तौर पर स्थापित, ब्रैम्पटन यूनिवर्सिटी (Brampton University) को 2040 तक लगभग 30,000 विद्यार्थियों के लिए, पूरी तरह से व्यापक सार्वजनिक यूनिवर्सिटी बनाने का उद्देश्य है।
- प्रस्तावित यूनिवर्सिटी की गवर्नेंस कमिटी, मौजूदा शिक्षा संबंधी साझेदारों, लोकल सरकार के मेम्बर्स, कारोबार स्टेकहोल्डर्स और प्राइमरी से लेकर सेकंडरी शिक्षा तक के साझेदारों को शामिल करेगी।
- प्रोग्रामिंग का फोकस, डिजीटल ट्रांस्फोरमेशन (Digital Transformation), इनोवेशन एंड सस्टेनबिलिटी के सेक्टरों सहित, मुख्य विकासशील सेक्टरों को प्राथमिकता देने पर होगा; साथ ही सिटी के मुख्य प्राथमिकता वाले आर्थिक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जाएगा, जिनमें शामिल हैं: एडवांस्ड मेन्युफेक्चरिंग (Advanced Manufacturing), इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (Innovation and Technology), फूड एंड बेवरेज प्रोसेसिंग (Food and Beverage Processing) और हेल्थ एंड लाइफ साइंसिज (Health and Life Sciences)।

सिटी, मौजूदा पोस्ट सेकंडरी साझेदारों के साथ, अपने लंबी-अवधि के रिश्ते कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है, इनमें शामिल हैं, रायरसन यूनिवर्सिटी, अल्गोमा यूनिवर्सिटी और शेरिडन कालेज (Sheridan College)। ये संस्थान, शिक्षा संबंधी नए और आर्थिक अवसर पैदा करते हुए, ब्रैम्पटन में लगातार निवेश करके विकसित हो रहे हैं।

17 से 19 अगस्त तक, मेयर पैट्रिक ब्राउन, काउंसलर्स और सिटी के अधिकारी, एसोसिएशन ऑफ म्युनिसिपल्टीज ऑफ ओनटैरियो (ए.एम.ओ.) (Association of Municipalities of Ontario) (AMO) की वार्षिक कान्फरेंस में आभासी तौर पर (वर्चुअली) हिस्सा लेंगे। काउंसिल, शहर के लिए BramptonU जैसे मुख्य प्रोजेक्ट्स के लिए फंडिंग और बढ़े सहयोग के लिए हिमायत करना जारी रखेगी।

BramptonU के बारे में अधिक विवरणों के लिए, www.bramptonu.ca पर जाएं।

**हवाले**

"पिछले कुछ माह से, नौकरी मार्किट और जिस दुनिया में हम काम करते हैं, वह पूरी तरह से बदल गई है – इससे लोगों को अहसास हो गया है कि भविष्य में नौकरी के लिए पहले से कहीं अधिक कुशलताओं की जरूरत होगी। कैनेडा में सबसे बड़े और तेज़ी से बढ़ रहे शहरों में से एक के तौर पर, यह जरूरी है कि ब्रैम्पटन में अपनी खुद की स्वतंत्र यूनिवर्सिटी हो, ताकि हमारे प्रतिभावान युवाओं को विकसित होने में मदद मिल सकें, जो हमारी अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और सफलता का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, विशेषकर इस मुश्किल समय के दौरान। मैं सराहना करता हूं कि प्रांत ने पोस्ट सेकंडरी शिक्षा की उभरती और महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाना। मैं इस बारे में और विचारविमर्श के लिए उत्साहित हूं कि हम अपने भविष्य के कार्यबल में कैसे सबसे बेहतर निवेश कर सकते हैं।"

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"इस समय हम प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं कि काम और शिक्षा, दोनों के पारंपरिक मॉडल कैसे बदल रहे हैं। हमारा BramptonU का प्रस्ताव, शिक्षा प्रदान करने के नए, प्रगतिशील और वहन करने योग्य तरीके के आधार पर तैयार किया गया है, जो इस बदलती स्थिति के अनुकूल है। ब्रैम्पटन में तैयार किया गया यह समाधान, हमारे प्रतिभावान युवाओं को आगे बढ़ने में मदद करेगा और उन्हें हमारी बढ़ती अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण हिस्से के तौर पर यहीं पर रखेगा।"

*- रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हमें पता है कि ब्रैम्पटन के 83% निवासी, ब्रैम्पटन यूनिवर्सिटी चाहते हैं और ब्रैम्पटन के 82% निवासी अधिक लचीले यूनिवर्सिटी प्रोग्राम चाहते हैं। हमने प्रशिक्षण और अनुभवों के प्रकारों के बारे में हमारे युवाओं की राय ली है, जो वे कार्यबल के लिए तैयारी करने हेतु चाहते हैं। मुख्य विषयों को ध्यान में रखते हुए, हम अंतर्राष्ट्रीय तौर पर प्रसिद्ध शिक्षा संस्थानों की राय लेकर, उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हमने ऐसा आधुनिक समाधान विकसित किया है, जो वास्तविक जरूरतों पर ध्यान देता है और यह हमारे युवाओं को, भविष्य में सफलता के लिए तैयार करेगा।"

*- हरकीरत सिंह (Harkirat Singh), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन की संभावित नौकरी करने वाली युवा और विकासशील आबादी, हमारे शहर और रीजन की आर्थिक वृद्धि तथा प्रतियोगितात्मकता के लिए महत्वपूर्ण है। सिटी लगातार लोकल कारोबारियों, शिक्षा संबंधी साझेदारों, सामुदायिक स्टेकहोल्डर्स और सरकार के अन्य महकमों के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि BramptonU के लिए हमारी योजना, मौजूदा जरूरतों पर और हमारे इंप्लायर्स व कार्यबल के लिए भविष्य के अवसरों पर ध्यान देती है।”

*- डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca